भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

07 मई 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर और बिष्णुपुर में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

जय श्री राम' बोलने पर ममता बनर्जी जी को ऐतराज है। भारत के किसी भी कोने में भारतीय संस्कृति के प्रतीक, हमारे आराध्य और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् राम का नाम लेने से हमें कोई रोक नहीं सकता। मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूँ कि भगवान् श्री राम का नाम हिंदुस्तान में नहीं लेंगे तो क्या पाकिस्तान में लेंगे?

****

ममता दीदी, मैंने इस मंच से 'जय श्री राम' का नारा लगाया है, आपको जो करना हो कर लो, जो दफाएँ लगानी हो लगा दो लेकिन आप हमें अपनी संस्कृति से विमुख नहीं कर सकतीं। भारतवर्ष के कण-कण और जन-जन को अपने आराध्य देव 'जय श्री राम' के नारे लगाने से कोई नहीं रोक सकता

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजीव गाँधी के समय में बोफोर्स घोटाला हुआ था तो इसमें उन्हें क्या गलत कहा? राहुल गाँधी देश की जनता को बस इतना बता दें कि इनके राजीव गाँधी जी के समय में बोफोर्स घोटाला, भोपाल गैस कांड, शांति सेना का ब्लंडर और कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ था या नहीं?

****

राहुल गाँधी कहते हैं कि उनके पिताजी का अपमान किया गया। क्या सच्चाई याद कराना अपमान है? कांग्रेस और ठगबंधन वालों ने देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 51 बार से ज्यादा अलग-अलग गालियाँ दी हैं, क्या यह प्रधानमंत्री जी का अपमान नहीं है?

****

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा मोदी जी की तुलना खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन से करते हैं, विजयाशांति मोदी जी को आतंकवादी कहती हैं, राजबब्बर कहते हैं डॉलर की आयु मोदी जी की पूजनीय मां जैसी हो गयी है, मल्लिकार्जुन खड्गे मोदी जी को हिटलर तो संजय निरुपम उन्हें गंवार कहते हैं। क्या यह प्रधानमंत्री जी का अपमान नहीं है?

****

अभी-अभी प्रियंका वाड्रा ने मोदी जी की तुलना दुर्योधन से की है, क्या यह प्रधानमंत्री जी का अपमान नहीं है? देश की जनता 23 मई को तय कर देगी कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अर्जुन हैं या दुर्योधन!

****

ममता बनर्जी कहती हैं कि मैं मोदी जी को प्रधानमंत्री नहीं मानती। ममता जी पहले ये बताएं कि उन्हें देश के संविधान पर भरोसा है या नहीं? ममता जी के मानने न मानने से कोई फर्क नहीं पड़ता और ममता जी ये भी याद रखें कि अगले 5 सालों के लिए नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं

****

पहले पंचायत चुनाव और अब लोक सभा चुनावों में अपराधियों को हिंसा फ़ैलाने के लिए पूरी छूट देकर लोगों को वोट डालने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि जितने भी वोट डाले जायेंगे, उसमें ही ममता बनर्जी चुनाव हारने वाली हैं, 23 मई के बाद तृणमूल के कुशासन का अंत होना तय है

****

यह चुनाव देश के विकास के लिए लड़ा जा रहा है लेकिन पश्चिम बंगाल में यह चुनाव लोकतंत्र बचाने और यहाँ की जनता को ममता जी के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए लड़ा जा रहा है।

****

ममता दीदी जब सत्ता में आई थीं तो उन्होंने नारा दिया था-माँ-माटी और मानुष का, लेकिन इस नारे को उन्होंने तहस-नहस कर के रख दिया है। ममता सरकार ने पश्चिम बंगाल को कंगाल बनाया लेकिन हम प्रदेश को सोनार बांग्ला बनाने का वादा करते हैं

****

पश्चिम बंगाल की जनता एक बार भारी संख्या में सीटें श्री मोदी की झोली में डाल दें, चिट फंड घोटाला करने वालों और हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या करने वालों को चुन-चुनकर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा

****

ममता जी कितना भी अत्याचार करे, हमारी रैलियों पर पाबंदी लगाने का लाख प्रयास कर लें, झूठ फैला लें और चाहे कुछ भी कर लें, 23 मई को पश्चिम बंगाल में 23 से ज्यादा सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतकर लाने वाली है

****

ममता दीदी को याद रहना चाहिए कि उनके समर्थन से चलने वाली केंद्र की यूपीए सरकार ने 5 साल में पश्चिम बंगाल को महज 1,32,000 करोड़ रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने 5 सालों में पश्चिम बंगाल को 4,24,800 सौ करोड़ रुपये आवंटित किये लेकिन सारे पैसे तृणमूल के सिंडिकेट वाले खा गए

****

आज पश्चिम बंगाल की स्थिति यह है कि पाइप खरीदनी हो, सीमेंट या सरिया लेनी हो, विधवा पेंशन चाहिए तो टीएमसी टैक्स देना पड़ता है। आखिर ये टीएमसी टैक्स जाता कहाँ है? पहले तो गुंडे टैक्स वसूलते थे लेकिन ये टीएमसी टैक्स अब सिर्फ भतीजे के पास जाता है और भतीजा ये टैक्स विदेश भेजने का काम करता है

****

फानी आपदा के समय प्रधानमंत्री जी ने ममता बनर्जी जी को तीन-तीन बार फ़ोन किया लेकिन ममता दीदी ने बात करने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्हें डर है कि मदद लेने पर मोदी जी की लोकप्रियता और बढ़ जायेगी। ममता दीदी प्रधानमंत्री जी से फ़ोन पर बात करें न करें, मदद लें न लें लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता के दिल में मोदी जी के प्रति प्यार न केवल बना रहेगा बल्कि और अधिक हो जाएगा

****

पश्चिम बंगाल के दो जगहों, पुरुलिया और बांकुरा में 9 मई को श्री मोदी की रैलियां प्रस्तावित थीं, इसके लिए अनुमति भी दी जा चुकी थी लेकिन ममता दीदी ने उस अनुमति को रद्द करा दिया। ममता दीदी इससे अपनी पराजय नहीं रोक सकतीं क्योंकि उनकी पराजय प्रदेश की जनता के मन में सुनिश्चित हो चुकी है

****

मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल लेकर आने वाले हैं जिसके तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि से आये हुए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, क्रिश्चियन आदि शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देकर सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया जाएगा

****

सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल को लागू करने के बाद देश भर में एनआरसी को अमल में लाकर घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी

****

'मोदी-मोदी' का नारा महज एक चुनावी या किसी नेता की हौसलाआफजाई के लिए लगाया गया नारा नहीं है बल्कि देश की सवा सौ करोड़ जनता के अंतर्मन से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लिए निकला आशीर्वाद है। यह इस बात का प्रमाण है कि श्री नरेन्द्र मोदी जी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के घटाल और बेलदा (पश्चिम मेदिनीपुर) तथा बिष्णुपुर में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और ममता बनर्जी और प्रियंका वाड्रा पर शर्मनाक बयानों को लेकर जम कर हमला बोलते हुए पश्चिम बंगाल की जनता से बंगाल की संस्कृति को पुनर्जीवित करने और बंगाल में लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने के लिए केंद्र में 'फिर एक बार मोदी सरकार' बनाने की अपील की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सर्वप्रथम समग्र पश्चिम बंगाल की जनता को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मैं बहुत दिनों से देख रहा हूँ कि **'जय श्री राम' बोलने पर ममता बनर्जी जी को ऐतराज है। भारत के किसी भी कोने में भारतीय संस्कृति के प्रतीक, हमारे आराध्य और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् राम का नाम लेने से हमें कोई रोक नहीं सकता।** आज भी लोग रामराज्य की परिकल्पना किया करते हैं। **मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूँ कि भगवान् श्री राम का नाम हिंदुस्तान में नहीं लेंगे तो क्या पाकिस्तान में लेंगे?** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह के साथ 'जय श्री राम' का जयकारा लगाते हुए ममता बनर्जी को ललकार कर कहा कि **ममता**

जी, मैंने इस मंच से 'जय श्री राम' का नारा लगाया है, आपको जो करना हो कर लो, जो दफाएँ लगानी हो लगा दो लेकिन आप हमें अपनी संस्कृति से विमुख नहीं कर सकतीं। भारतवर्ष के कण-कण और जन-जन को अपने आराध्य देव 'जय श्री राम' के नारे लगाने से कोई नहीं रोक सकता।

श्री शाह ने कहा कि **एक ओर समग्र राष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को आशीर्वाद दे रही है तो दूसरी ओर महामिलावटी महाठगबंधन वाले मोदी जी को अपशब्द पर अपशब्द कहे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजीव गाँधी के समय में बोफोर्स घोटाला हुआ था तो इसमें उन्हें क्या गलत कहा? राहुल गाँधी देश की जनता को बस इतना बता दें कि इनके राजीव गाँधी जी के समय में बोफोर्स घोटाला, भोपाल गैस कांड, शांति सेना का ब्लंडर और कश्मीरी पंडितों का नरसंहार हुआ था या नहीं? राहुल गाँधी कहते हैं कि उनके पिताजी का अपमान किया गया। क्या सच्चाई याद कराना अपमान है? कांग्रेस और ठगबंधन वालों ने देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 51 बार से ज्यादा अलग-अलग गालियाँ दी हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा मोदी जी की तुलना खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन से करते हैं, विजयाशांति मोदी जी को आतंकवादी कहती हैं, राजबब्बर कहते हैं डॉलर की आयु मोदी जी की पूजनीय मां जैसी हो गयी है, मल्लिकार्जुन खड्गे मोदी जी को हिटलर तो संजय निरुपम उन्हें गंवार कहते हैं। पुराने और स्वर्गवासी प्रधानमंत्री की सच्चाई उजागर करने से कांग्रेसी नेता बिलख जाते हैं लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री का अपमान होता है तो ये कुछ नहीं कहते हैं। अभी-अभी प्रियंका वाड्रा ने मोदी जी की तुलना दुर्योधन से की है, क्या यह प्रधानमंत्री जी का अपमान नहीं है। देश की जनता 23 मई को तय कर देगी कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अर्जुन हैं या दुर्योधन।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **इस बार का लोक सभा चुनाव देश के लिए तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन पश्चिम बंगाल के लिए इसका महत्व और भी अधिक है क्योंकि यह चुनाव तय करने वाला है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र बचेगा या नहीं।** उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। यहाँ के **पंचायत चुनाव में ममता जी ने सरकारी तंत्र के संरक्षण में अपराधियों को हिंसा फ़ैलाने के लिए पूरी छूट देकर हमारे 60 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी और लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित रखा। इस लोक सभा चुनाव में भी अब तक जितने चरण हुए हैं ममता जी पश्चिम बंगाल के लोगों को वोट देने नहीं दे रही है। मैं ममता जी को स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि जितने भी वोट डाले जायेंगे, उसमें ही आप चुनाव हारने वाली हैं और 23 मई के बाद आपके कुशासन का अंत होना तय है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **ममता बनर्जी कहती हैं कि मैं मोदी जी को प्रधानमंत्री नहीं मानती। ममता जी पहले ये बताएं कि उन्हें देश के संविधान पर भरोसा है या नहीं? संविधान के अनुसार, देश की जनता प्रधानमंत्री चुनती है, ममता जी के मानने न मानने से कोई फर्क नहीं पड़ता और ममता जी ये भी याद रखें कि अगले 5 सालों के लिए नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा और सरस्वती पूजा नहीं होने दिया जाता, न ही रामनवमी का जूलुस निकालने की अनुमति दी जाती है और 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तो गिरफ्तारी ही हो जाती है।** ममता बनर्जी ने पूरे पश्चिम बंगाल को टोल टैक्स की गिरफ्त में जकड दिया है। चिट फंड के जरिये प्रदेश के गरीबों के 10 हजार करोड़ रुपये हड़प लिए गए लेकिन उनके खिलाफ टीएमसी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। **पश्चिम बंगाल की जनता एक बार राज्य की 23 सीटें श्री नरेन्द्र मोदी की झोली में डाल दें,**

चिट फंड घोटाला करने वालों को 90 दिनों के भीतर-भीतर चुन-चुनकर जेल की सलाखों में डालने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि **यह चुनाव देश के विकास के लिए लड़ा जा रहा है लेकिन पश्चिम बंगाल में यह चुनाव लोकतंत्र बचाने और यहाँ की जनता को ममता जी के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए लड़ा जा रहा है। ममता जी कितना भी अत्याचार कर लें, हमारी रैलियों पर पाबंदी लगाने का लाख प्रयास कर लें, झूठ फैला लें और चाहे कुछ भी कर लें, 23 मई को पश्चिम बंगाल में 23 से ज्यादा सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतकर लाने वाली है।** पूरे पश्चिम बंगाल में ममता जी ने जिस प्रकार का माहौल बनाया है, यहाँ की जनता इसके खिलाफ जनादेश देने वाली है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ममता बनर्जी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि **ममता दीदी जब सत्ता में आई थीं तो उन्होंने नारा दिया था-माँ-माटी और मानुष का लेकिन इस नारे को उन्होंने तहस-नहस कर के रख दिया है।** राज्य का विकास रुका पड़ा है। तृणमूल सरकार में प्रदेश में एक भी उद्योग नहीं लगा, कोई निवेश नहीं आया, कारखाने नहीं लगे। बंगाल में यदि कारखाने लगे हैं तो वह बम बनाने के लगे हैं। पश्चिम बंगाल की संस्कृति और यहाँ की जनता को ममता दीदी के आश्रित गुंडे बम धमाकों से दबाना चाहते हैं। **इस्लामपुर में आन्दोलनरत दो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, तापस और राजेश को मौत के घाट इसलिए उतार दिया क्योंकि इन्होंने उर्दू की जगह बंगाली शिक्षक की मांग की थी। ममता बनर्जी अपनी वोट बैंक राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में उर्दू थोपना चाहती है। ममता बनर्जी याद रखें कि पश्चिम बंगाल में अब परिवर्तन होने वाला है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद हमारे इन कार्यकर्ताओं को गोली मारने वालों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि ममता बनर्जी पूछती हैं कि मोदी जी ने पश्चिम बंगाल के लिए क्या किया? **ममता दीदी को याद रहना चाहिए कि उनके समर्थन से चलने वाली केंद्र की यूपीए सरकार ने 5 साल में पश्चिम बंगाल को महज 1,32,000 करोड़ रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने 5 सालों में पश्चिम बंगाल को 4,24,800 सौ करोड़ रुपये आवंटित किये लेकिन सारे पैसे तृणमूल के सिंडिकेट वाले खा गए।** हर गाँव को बिजली मिली, इंटिग्रेटेड पॉवर डेवलपमेंट का काम किया गया, 16 हजार करोड़ रुपया गरीबों के आवास के लिए दिया गया, शहरी आवास के लिए 17 सौ करोड़ रुपये दिए गए, अमृत मिशन के लिए 2 हजार करोड़ रुपये दिए गए लेकिन ये पश्चिम बंगाल की जनता तक पहुंचा ही नहीं। **आज पश्चिम बंगाल की स्थिति यह है कि पाइप खरीदनी हो, सीमेंट या सरिया लेनी हो, विधवा पेंशन चाहिए तो टीएमसी टैक्स देना पड़ता है, आखिर ये टीएमसी टैक्स जाता कहाँ है? भारत सरकार को तो कोई टैक्स नहीं मिलता, सिर्फ ममता जी की सिंडिकेट को ही टैक्स मिलता है। पहले तो सिंडिकेट कलेक्ट करने वाले गुंडे टैक्स वसूलते थे लेकिन ये टैक्स अब सिर्फ भतीजे के पास जाता है और भतीजा ये टैक्स विदेश भेजने का काम करता है। फनी आपदा के समय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ममता बनर्जी जी को तीन-तीन बार फ़ोन किया लेकिन ममता जी ने बात करने से इनकार इसलिए कर दिया क्योंकि उन्हें डर है कि मदद लेने पर मोदी जी की लोकप्रियता और बढ़ जायेगी। ममता दीदी फ़ोन पर बात करें न करें, मदद लें न लें लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता के दिल में मोदी जी के प्रति प्यार न केवल बना रहेगा बल्कि और अधिक हो जाएगा।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **ममता सरकार ने पश्चिम बंगाल को कंगाल बनाया लेकिन हम प्रदेश को सोनार बांग्ला बनाने का वादा करते हैं। पश्चिम बंगाल के दो जगहों, पुरुलिया और बांकुरा में 9 मई को श्री मोदी की रैलियां प्रस्तावित थीं, इसके लिए अनुमति भी**

दी जा चुकी थी लेकिन ममता दीदी ने उस अनुमति को रद्द करा दिया। ममता दीदी अपनी इस कृत्य के द्वारा अपनी पराजय नहीं रोक सकतीं क्योंकि उनकी पराजय पश्चिम बंगाल की जनता के मन में सुनिश्चित हो चुकी है।

श्री शाह ने अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूरे देश से आवाज उठी कि देश से घुसपैठिये को बाहर निकाला जाए। हम कहते हैं घुसपैठिये को बाहर निकालो तो ममता जी झूठ फैलाती हैं कि घुसपैठियों के साथ साथ शरणार्थियों को भी बाहर निकाला जाएगा। **मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल लेकर आने वाले हैं जिसके तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि से आये हुए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, क्रिश्चियन आदि शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देकर सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया जाएगा। इसके बाद देश भर में एनआरसी को अमल में लाकर घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। ये घुसपैठिये दीमक की तरह हैं और टीएमसी सरकार इनका समर्थन इसलिए करती है क्योंकि ये उनका वोट बैंक है। हमारे लिए चुनाव या वोट बैंक मायने नहीं रखता बल्कि देश की सुरक्षा महत्वपूर्ण हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जन-सभा को संबोधित करते हुए कहा कि **विगत साढ़े चार माह से मैंने देश के कई लोकसभा चुनाव क्षेत्रों का दौरा किया और जहाँ भी गया, चाहे उत्तर-दक्षिण हो या पूरब-पश्चिम, वहां कई चीजें बदली दिखाई दीं लेकिन एक नारा नहीं बदला और वह है 'मोदी-मोदी' का नारा। ये नारा महज एक चुनावी या किसी नेता की हौसलाआफजाई के लिए लगाया गया नारा नहीं है बल्कि देश की सवा सौ करोड़ जनता के अंतर्मन से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लिए निकला आशीर्वाद है। 'मोदी मोदी' का नारा इस बात का प्रमाण है कि 23 मई 2019 की मतगणना के बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव